Title: Need to set up industries in Pratapgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh- Laid.

राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ) : अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ की तरफ दिलाना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में कोई भी आधारभूत उद्योग नहीं है, जिसके कारण यह क्षेत्र पूर्ण रूप से पिछड़ा क्षेत्र है, जिसके कारण यहां के स्थानीय लोगों में बेरोजगारी बढ़ रही है और लोगों को रोजगार के लिये अन्य क्षेत्रों में पलायन करना पड़ रहा है। यहां पर कई कृषि आधारित उद्योग और अन्य उद्योग चलाये जा सकते हैं। नये उद्योगों की स्थापना से इस क्षेत्र के पिछड़ेपन को कुछ सीमा तक दूर किया जा सकता है।

मैं सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहूंगी कि इस क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए इस क्षेत्र में उद्योग की स्थापना के लिए उद्योगपतियों को आकर्षित करे और सहायता करे।